## आवासीय एकलव्य विद्यालय आदिवासी कन्या छात्रावास में भारी लापरवाही उजागर, ठेकेदार कंपनी द्वारा नियमों का खुला उल्लंघन, परिसर में पुरुष कर्मचारियों का अवैध निवास

# छात्राओं की सुरक्षा, गरिमा और गोपनीयता के साथ खुला अपराध






हरिभूमि न्यूज ⏭ जुन्नारदेव

नगर की वार्ड क्रमांक 18 स्थित सुकरी बस्ती के समीप संचालित एकलव्य आवासीय विद्यालय के आदिवासी कन्या छात्रावास में इन दिनों एक बेहद गंभीर और चिंताजनक मामला सामने आया है। यह मामला न केवल छात्राओं की सुरक्षा और गरिमा से जुड़ा है, बल्कि शासन द्वारा निर्धारित नियमों और संवेदनशीलता पर भी बड़ा प्रश्नचिन्ह खड़ा करता है। यदि इस लापरवाही पर समय रहते सख्त कार्रवाई नहीं की गई, तो भविष्य में किसी शर्मनाक और अपूरणीय घटना की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता।

जानकारी के अनुसार, एकलव्य आवासीय विद्यालय के परिसर में अध्ययनरत किशोरीवय आदिवासी छात्राएं छात्रावास में निवास करती हैं। इसी संवेदनशील कन्या आवासीय परिसर के भीतर उस ठेकेदार कंपनी के पुरुष कर्मचारी लंबे समय से रह रहे थे, जिसने छात्रावास भवन का निर्माण कार्य पूरा किया है। नियमों के अनुसार किसी भी कन्या आवासीय विद्यालय परिसर में गैर-विभागीय व्यक्तियों, विशेषकर पुरुष कर्मचारियों का रहना पूरी तरह वर्जित है। इसके बावजूद ठेकेदार कंपनी के कर्मचारी बेखौफ होकर छात्रावास परिसर को अपना स्थायी निवास बनाए हुए थे।

यह स्थिति केवल नियम उल्लंघन नहीं, बल्कि छात्राओं की सुरक्षा के साथ सीधा खिलवाड़ मानी जा रही है। कन्या छात्रावास जैसे संवेदनशील स्थान पर बाहरी पुरुषों की उपस्थिति को शासन ने स्पष्ट रूप से अपराध की श्रेणी में रखा है। इसके बावजूद संबंधित अधिकारियों द्वारा समय रहते कोई ठोस निगरानी या कार्रवाई नहीं किया जाना विभागीय लापरवाही को उजागर करता है।

मामले की गंभीरता तब और बढ़ जाती है जब शिकायत किए जाने पर जनजातीय कार्य विभाग के सहायक संचालक द्वारा इस विषय में अनभिज्ञता जाहिर की गई। सवाल यह उठता है कि इतने लंबे समय तक छात्रावास परिसर में पुरुष कर्मचारी निवास करते रहे और विभाग को इसकी भनक तक नहीं लगी। क्या यह प्रशासनिक विफलता नहीं है? क्या छात्राओं की सुरक्षा व्यवस्था केवल काग़ज़ों तक सीमित है?

हालांकि शिकायत सामने आने के बाद विभाग हरकत में आया। जनजातीय कार्य विकास विभाग के आयुक्त सत्येंद्र मरकाम ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि कन्या आवासीय परिसर में किसी भी गैर-विभागीय व्यक्ति का रहना आपराधिक प्रवृत्ति में आता है।

उन्होंने कहा कि यदि ठेकेदार या उसके पुरुष कर्मचारी कन्या आवासीय भवन में रह रहे हैं तो उन्हें तत्काल परिसर से बाहर करने के आदेश दिए जाएंगे।

### इनका कहना है

वहीं एकलव्य विद्यालय के प्राचार्य संतोष झरिया ने बताया कि वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर ठेकेदार कंपनी के कर्मचारियों को तत्काल परिसर से बाहर अन्यत्र आवास लेने के आदेश दे दिए गए हैं। उन्होंने यह भी स्वीकार किया कि कर्मचारी लंबे समय से इसी भवन में निवास कर रहे थे।राजनीतिक प्रतिक्रिया भी सामने आई है। गोंडवाना गणतंत्र पार्टी के जिला अध्यक्ष धन्नू धुर्वे ने इस मामले को आदिवासी कन्या बालिकाओं की सुरक्षा से जुड़ा गंभीर विषय बताया।

उन्होंने कहा कि गैर-विभागीय कर्मचारियों का कन्या छात्रावास में रहना बेहद चिंताजनक है और इस पर कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए।यह पूरा मामला प्रशासन की संवेदनहीनता, ठेकेदार कंपनी की मनमानी और निगरानी तंत्र की कमजोरी को उजागर करता है। अब देखने वाली बात यह होगी कि क्या यह कार्रवाई केवल दिखावटी रहेगी या वास्तव में दोषियों पर सख्त कदम उठाए जाएंगे। आदिवासी कन्या छात्राओं की सुरक्षा से कोई भी समझौता स्वीकार्य नहीं है।

### अवैध लकड़ी तस्करी पर बड़ी कार्रवाई

## राजस्व, पुलिस व वन विभाग की संयुक्त छापेमारी, 15 नग इमारती लकड़ी व क्रेन मशीन जप्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ चौरई



अवैध लकड़ी कटाई और तस्करी के खिलाफ प्रशासन ने सख्त रुख अपनाते हुए बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया है। मंगलवार दोपहर विश्वसनीय सूत्रों से सूचना मिलने पर चौरई विकासखंड अंतर्गत ग्राम पालरी में राजस्व विभाग, पुलिस एवं वन विभाग की संयुक्त टीम ने मौके पर छापेमारी की।

सूचना के अनुसार आत्माराम पिता सज्जी लाल गौली के खेत के पास से अवैध रूप से इमारती लकड़ी कटवाकर क्रेन मशीन के माध्यम से ढुलाई की जा रही थी। सूचना मिलते ही टीम ने तत्काल मौके पर पहुंचकर कार्रवाई करते हुए 15 नग इमारती लकड़ी एवं एक क्रेन मशीन को जप्त किया।जप्त की गई लकड़ी व क्रेन मशीन को वन विभाग कार्यालय चौरई लाया गया है। मामले में राजस्व विभाग द्वारा आगे की विधिसंगत कार्रवाई की जा रही है। इस कार्रवाई से क्षेत्र में सक्रिय लकड़ी माफियाओं में हड़कंप मच गया है।प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि अवैध वन संपदा के दोहन पर किसी भी स्तर पर कोई रियायत नहीं दी जाएगी, और इस प्रकार की गतिविधियों में शामिल लोगों के खिलाफ कठोर कदम उठाए जाएंगे।

## विहिप जिला रक्षा प्रमुख पर जानलेवा हमला करने वाले चार आरोपियों का निकाला जुलूस

**छिंदवाड़ा।** जिले के देहात थाना क्षेत्र अंतर्गत परासिया रोड पर विश्व हिंदू परिषद के जिला रक्षा प्रमुख रविराज पर हुए जानलेवा हमले के मामले में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। बुधवार को पुलिस ने आरोपियों का जुलूस निकालते हुए उन्हें न्यायालय में पेश किया। यह घटना 18 दिसंबर की शाम की बताई जा रही है, जिसने पूरे क्षेत्र में हड़कंप मचा दिया था।



पुलिस के अनुसार, 18 दिसंबर की शाम काले रंग की फोर्ड कार में सवार कुछ युवक एक ढाबे के सामने आकर रुके थे। किसी बात को लेकर ढाबा संचालकों और कार सवार युवकों के बीच कहासुनी शुरू हुई, जो देखते ही देखते हिंसक झड़प में बदल गई। विवाद के दौरान आरोपियों ने चाकूनुमा हथियार निकालकर हमला कर दिया, जिसमें राजा नामक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया।

हमले के बाद घायल राजा को प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर हालत में नागपुर रेफर किया गया। वहीं, एक अन्य युवक के चेहरे पर भी गहरी चोटें आईं, जिसका इलाज स्थानीय अस्पताल में जारी है। घटना के बाद इलाके में तनाव का माहौल बन गया और पुलिस ने तत्काल मामले की गंभीरता को देखते हुए जांच शुरू की।

देहात थाना निरीक्षक जीएस राजपूत ने बताया कि घटना के बाद आरोपी लगातार अपने ठिकाने बदल रहे थे। कभी भोपाल तो कभी इंदौर में छिपकर रह रहे थे। पुलिस ने तकनीकी साक्ष्यों और मुखबिरों की सूचना के आधार पर आरोपियों के बैंक खाते भी सीज किए। मंगलवार को आरोपियों के रावणवाड़ा स्थित घर लौटने की सूचना मिली, जिसके बाद दबिश देकर सभी को गिरफ्तार कर लिया गया।

## आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं ने निकाली रैली सौंपा ज्ञापन

**सौंसर।** महिला एवं बाल विकास विभाग सौंसर में पदस्थ परियोजना अधिकारी कमल कुमार पर कार्यालय में पदस्थ महिला कंप्यूटर ऑपरेटर मंजुषा गजभिये के द्वारा अभद्र व्यवहार करने का आरोप लगाते हुए पुलिस थाने में शिकायत की गई थी, बुधवार को महिला बाल विकास अधिकारी के समर्थन में सुपरवाइजर,आंगनवाड़ी कार्यकर्ता उतर आई हैं। कुमारी मंजुषा गजभिये द्वारा अधिकारी पर लगाए गए छेड़छाड़ और मानसिक प्रताड़ना के आरोपों को पूरे स्टाफ ने सिरे से खारिज करते हुए इसे 'झूठी शिकायत बताया है। इस दौरान आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने नगर में रैली निकालकर पुलिस थाना परिसर एवं एसडीएम कार्यालय में पहुंचकर प्रशासन को ज्ञापन सोपा है। आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने बताया की विभाग में डाटा एंट्री का कार्य देख रही मंजुषा के पास कार्य की अधिकता को देखते हुए, 1 जनवरी 2026 से विभाग ने कुमारी अश्विनी जानभोर को भी डाटा एंट्री के कार्य पर रखा था। स्टाफ का कहना है कि इसी बात से नाराज होकर मंजुषा ने परियोजना अधिकारी की छवि धूमिल करने के उद्देश्य से थाने में झूठी शिकायत दर्ज कराई है।अधिकारियों को सौंपे गए पत्र में कार्यकर्ताओं ने स्पष्ट किया है कि परियोजना अधिकारी पिछले 4 वर्षों से यहाँ पदस्थ हैं और आज तक उनका व्यवहार किसी भी महिला कर्मचारी के प्रति अनुचित नहीं रहा है। आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं ने लिखित में कहा है कि वे किसी दबाव में नहीं, बल्कि सच्चाई के साथ खड़ी हैं। इस दौरान महिला बाल विकास सुपरवाइजर एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ता उपस्थित थे।



## भाजपा नेता पंढरीनाथ घागरे का निधन, पार्टी के ध्वज में लिपटी निकली अंतिम यात्रा



सौंसर। .बानाबाकोडा निवासी भाजपा के पितृ पुरुष और पूर्व अंत्योदय समिति अध्यक्ष श्री पंढरीनाथजी घागरे का दुखद निधन हो गया है। उनके निधन से क्षेत्र ने एक ऐसा व्यक्तित्व खो दिया है जिसने जनसंघ के दौर से लेकर भारतीय जनता पार्टी तक के सफर में संगठन का झंडा सदैव बुलंद रखा।पंढरीनाथजी घागरे के प्रति संगठन के सम्मान का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि उनकी अंतिम विदाई के समय उनके पार्थिव देह को भारतीय जनता पार्टी के ध्वज से ओढ़ाकर अंतिम यात्रा निकाली गई। इस दौरान भारी संख्या में कार्यकर्ताओं और ग्रामीणों ने नम आँखों से उन्हें विदाई दी।वे केवल संगठन के नेता नहीं थे, बानाबाकोड़ा-पिपला नारायण वार मार्ग के निर्माण के लिए उनका अथक संघर्ष आज भी लोगों की चर्चाओं में रहता है। क्षेत्रीय विकास की माँगों को लेकर जनप्रतिनिधियों से अडिग होकर बात करना और उसे पूरा कराना उनकी कार्यशैली की पहचान थी।उनके भतीजे एवं भाजपा युवा मोर्चा के महामंत्री धर्मेन्द्र घागरे ने भावुक होते हुए कहा कि उनका जाना एक पूरे विचार और सेवा के युग का अंत है। वे हमारे मार्गदर्शक और प्रेरक शक्ति थे। अंतिम यात्रा में बड़ी संख्या में ग्रामीणों के अलावा भाजपा नेताओं ने उपस्थित होकर 2 मिनट का मौन धारण करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की है।

## बेडमिंटन स्पर्धा प्रारंभ, बीस खिलाड़ियों को किया सम्मानित

**छिंदवाड़ा।** बेडमिंटन संघ द्वारा जिला स्तरीय बैडमिंटन चैंपियनशिप का आयोजन ओलंपिक स्टेडियम में 4 फरवरी से इनर व्हील क्लब छिंदवाड़ा के सहयोग से ओलंपिक स्टेडियम बैडमिंटन हॉल में किया जा रहा जिसमें 13, 15,17,19 व सीनियर वर्ग महिला पुरुष खिलाड़ी एकल, युगल, व मिश्रित इवेंट्स में भाग लें रहे हैं। स्पर्धा प्रतिदिन दोपहर 3 बजे से आयोजित की जाएगी स्पर्धा से संचालन में जिला बैडमिंटन संघ के सभी पदाधिकारियों सहयोग कर रहे है । स्पर्धा अध्यक्ष इंद्रजीत सिंह बैंस ने बताया की यह इस सत्र की आखिरी प्रतियोगिता है जिसमें खिलाड़ी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर सकेंगे ,उद्घाटन अवसर पर विंग कमांडर तोमर,वी के शिवहरे,इंद्रजीत सिंह बैस, स्वेता पाटनी घई, डॉ श्रद्धा शर्मा, अंजलि बोहरा,हिना पाटनी, रेणु पाटनी, जूली पाटनी,जावेद खान, हरीश खंडेलवाल, दीपक राज जैन,तन्वी मेद, अमन खान,निर्मल सिंहा उत्साह वर्धन हेतु उपस्थित रहे सभी अतिथियों द्वारा सिवनी, जबलपुर, इंदौर व ग्वालियर में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया । कार्यक्रम का संचालन सचिव जावेद खान ने किया ।



## पटवारी संघ ने एसडीएम को दिया प्रमुख सचिव के नाम ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ⏭ पांढुर्णा

म.प्र. पटवारी संघ जिला पांढुर्णा के नेतृत्व में आज पटवारियों ने प्रमुख सचिव राजस्व विभाग वल्लभ भ्वन के नाम एसडीएम अलका एक्का को ज्ञापन दिया। ज्ञापन में पटवारियों ने अपनी व्यावहारिक समस्याओं का जल्द निराकरण करने की मांग की है। शासन द्वारा बीते 3 साल से सर्वेयरों द्वारा गिरदावरी की जा रही थी, लेकिन बीते अनेक माह से सर्वेयरों को उनके निर्धारित मानदेय का भुगतान नहीं होने के कारण उन्होंने काम बंद कर दिया है। अब गिरदावरी की जिम्मेदारी पटवारी के सर आ गई है।

इस कारण पटवारियों के मूल कार्य बुरी तरह प्रभावित हो रहे है, इसलिए पटवारी की आयडी से जिओटैग हटाकर ग्राम स्तर पर गिरदावरी किए जाने के प्रावधान की मांग की है। फॉर्मर आयडी पटवारियों के साथ सीएससी सेंटर, एमपी ऑनलाईन से की जा रही है, जिनका उन्हें भुगतान किया जा रहा है। लेकिन शासन इस काम के लिए भी पटवारियों पर अनुचित दबा बना रहा है। इस कार्य में खातेदार एवं सहखातेदारों का अन्त्र निवास करना, पोर्टल पर उपलब्ध डाटा त्रृटिपूर्ण होना, आयडी बनने के बाद खसरे को पेंडिंग सूची में दिखायी देना, खसरों का पोर्टल पर उपलब्ध ना होना तथा किसान द्वारा समय पर ओटीपी ना देना यह समस्याएं शामिल है। नवनियुक्त पटवारियों को उनकी नियुक्ति से 100 प्रतिशत वेतन दिए जाने का आश्वासन अब तक लंबित है। न्यायालय द्वारा भी पटवारियों को पूरा वेतन दिए जाने के निर्देश दिए गए है, पटवारियों ने तारतम्य में 100 प्रतिशत वेतन की मांग की है। हेड में पर्याप्त राशि नहीं होने के कारण अनेक स्थानों पर भत्ते काटकर सैलरी दी जा रही है, इस समस्या के निराकरण की मांग पटवारी संघ ने की है।

## भाजपा जनता से वसूल रही भारी टैक्स, कांग्रेस शहर में पसरे कचरे को समेट रही

### निगम अध्यक्ष के नेतृत्व में कांग्रेस ने चलाया सफाई अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭ छिंदवाड़ा

भाजपा जनता की जेब से भारी टैक्स वसूलकर भी स्वच्छ व साफ सुथरा वातावरण नहीं दे पा रही। इसकी वजह भी साफ है, सत्ताधारी दल को जनता की नहीं टैक्स की फिक्र है, इसीलिये कांग्रेस के द्वारा बार-बार विरोध करने के बावजूद भी भाजपा शासित निगम ने जन-जन पर टैक्स का बोझ डाला। जिसका कांग्रेस के पार्षदगण लगातार विरोध कर रहे हैं।

स्वच्छता कर, जलकर और सम्पत्ति कर सहित निगम को अन्य स्त्रोतों से भी आय हो रही फिर भी कर्मचारियों को विगत 2 माह से वेतन का भुगतान नहीं हुआ है। वे अपनी जायज मांगों को लेकर हड़ताल पर है और शहर की सफाई व्यवस्था चौपट हो चुकी।

निगम अध्यक्ष धर्मेन्द्र सोनू मागो ने कहा कि मप्र के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ एवं जिले के पूर्व सांसद नकुलनाथ के कार्यकाल में कभी भी जनता पर टैक्स का बोझ नहीं डाला गया। उन्होंने हमेशा ही न्यूनतम टैक्स पर जनता को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने को प्राथमिकता दी है।



### निगम अध्यक्ष के नेतृत्व में चला सफाई अभियान

नगर पालिक निगम अध्यक्ष धर्मेन्द्र सोनू मागो के नेतृत्व में कांग्रेस ने सफाईकर्मियों के सम्मान व भाजपा सरकार के विरोध में सफाई अभियान चलाया। शहर के गोलगंज से प्रारंभ हुआ सफाई अभियान गांधी चौक होते हुए पानी टंकी, सब्जी मंडी से होकर एसडीएम कार्यालय व कलेक्ट्रेट परिसर से होकर कलेक्ट्रेट बंगाला रोड होते हुए निगम कार्यालय पहुंचा। कांग्रेस के पार्षदगण चिंटू काले, टिंकू राय, आशुतोष श्रीवास्तव, राहुल मालवीय, नदीम अहमद, प्रबल सक्सेना, वेदांत दुबे व नारू सोनी सहित अन्य कांग्रेस पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने सफाई कर कचरा इक्ट्ठा कर भाजपा सरकार को संदेश दिया कि जनता से सिर्फ टैक्स ना समेटे आवश्यकता पढ़ने पर शहर से कचरा भी समेटे तभी ग्रीन छिन्दवाड़ा क्लीन छिन्दवाड़ा का सपना साकार होगा।

### प्रधानमंत्री के विकसित भारत को सिद्ध करने वाला है केन्द्रीय बजट

## विकसित भारत का रोड मैप है केन्द्र सरकार द्वारा प्रस्तुत किया बजट: संपत्तियां

हरिभूमि न्यूज ⏭ छिंदवाड़ा

मध्यप्रदेश शासन की लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग (पीएचई) मंत्री श्रीमति संपत्तियां उइके ने केंद्रीय बजट 2026-27 को लेकर बुधवार को पत्रकार वार्ता को संबोधित किया। उन्होंने पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि प्रस्तुत बजट 2026 हर नागरिक के सपनो, आकांक्षाओं और भविष्य की मजबूत नींव रखने वाला बजट है। यह बजट गरीब, किसान, युवा, महिला, मध्यम वर्ग और उद्यमी के सशक्तिकरण की स्पष्ट दिशा दिखाता है। यह बजट युवाओं के सपनों को उड़ान देने वाला है, किसानों के विश्वास को मजबूत करने वाला है महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में निर्णायक है और मध्यम व गरीब वर्ग को सशक्त करने की सोच को आगे बढ़ाता है।




बजट 2026-27 इतिहास में उस बजट के रूप में याद किया जाएगा, जिसने विकसित भारत के संकल्प को ठोस आधार दिया। यह इस शताब्दी के दूसरे क्वार्टर का पहला बजट है और वित्त मंत्री निर्मला जी लगातार 9वीं बार संसद में बजट प्रस्तुत की है। यह अपने आप में एक गौरव पल के रूप में भारत के संसदीय इतिहास में दर्ज हुआ है। प्रधानमंत्री मोदी जी बार-बार कहते हैं कि महिलाएं केवल लाभार्थी नहीं, बल्कि भारत की ग्रोथ इंजन है। यही कारण है कि हमारी सरकार ने महिला सशक्तिकरण को केवल नारों तक सीमित नहीं रखा, बल्कि उसे नीति और नीयत दोनों को हिस्सा बनाया। बजट 2026 इसी स्पष्ट नीयत का प्रमाण है. जहां हर योजना, हर निवेश और हर सुधार के केंद्र में महिला की गरिमा, सुरक्षा, स्वावलंबन और नेतृत्व क्षमता को रखा गया ।

### भ्रष्टाचार के मुद्दे पर पत्रकारों ने खड़े किए सवाल, जवाब में मंत्री बोली शिकायत आने पर करेंगे कार्यवाही

बीजेपी की इस प्रेस कॉफ्रेंस में सवाल जवाब करते हुए पत्रकारों ने भ्रष्टाचार का मुद्दा प्रमुखता से उठाया। पत्रकारों का कहना था कि जिले में भ्रष्टाचार एक बड़ा मुद्दा है। आए दिन लोकायुक्त के छापे पड़ रहे है और रंगे हाथ पकड़े जाने पर कार्यवाही भी हो रही है। अभी हाल ही में सीएमएचओ कार्यालय छिंदवाड़ा में लोकायुक्त के छापे में कम्प्यूटर ऑपरेटर से पचास हजार रूपए रंगे हाथों रिश्वत लेते पकड़ा गया। वहीं सिर्फ मोहरे पकड़े जा रहे है, खिलाड़ी नहीं। कफ सिरप के मामले में भी किसी बड़े अधिकारी पर कोई कार्यवाही नहीं हुई। भ्रष्टाचार का दंश छिंदवाड़ा के सरकारी कार्यालयों में जमकर कार्य कर रहा है। इस पर मंत्री ने कहा कि मोहन यादव की सुशासन की सरकार है। भ्रष्टाचार कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। आप शिकायत करते है तो हम निश्चित रूप से इस पर कार्यवाही करेंगे।

अवैध शराब अड्डे बंद कराने कलेक्ट्रेट पहुंचीं आदिवासी महिलाएं, मजदूरी की आधी कमाई शराब में उड़ रही, प्रशासन पर लगाया अनदेखी का आरोप

# मैनीढाना में अवैध शराब ने उजाड़े घर-परिवार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पांढुर्णा



विकासखंड के दूरस्थ ग्राम मैनीढाना में खुलेआम फल-फूल रहे अवैध शराब अड्डों के खिलाफ आज गांव की अनेक आदिवासी महिलाएं कलेक्टर कार्यालय पहुंचीं और शराब के अवैध कारोबार पर तत्काल रोक लगाने की मांग की।

महिलाओं ने अधिकारियों को बताया कि ग्राम में कई स्थानों पर धड़ल्ले से अवैध शराब बेची जा रही है। इस संबंध में पूर्व में भी कई बार शिकायतें की गईं, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं होने से ग्रामीणों में भारी आक्रोश है। महिलाओं का कहना है कि शिकायतें न जाने फाइलों में ही दबकर रह जाती हैं। कई किलोमीटर पैदल चलकर पहुंची महिलाओं ने अपनी पीड़ा साझा करते हुए बताया कि अवैध शराब की आसान उपलब्धता के कारण गांव के पुरुष तेजी से इस बुरी लत के शिकार हो रहे हैं। शराब के नशे में घरों का माहौल बिगड़ रहा है, बुजुर्गों और महिलाओं का सम्मान तक नहीं बचा है। नशे में धुत लोग गाली-गलौज और अपमानजनक व्यवहार करने लगे हैं, जिससे महिलाओं का जीवन नारकीय हो गया है। महिलाओं ने बताया कि जिस मजदूरी से मजदूर अपने बच्चों को दूध और रोटी खिला सकता था, वही आज आधी से ज्यादा कमाई शराब पर फूंकी जा रही है। परिणामस्वरूप परिवारों में भुखमरी, कलह और गरीबी बढ़ती जा रही है। ग्रामीण महिलाओं का सीधा आरोप है कि प्रशासन की निष्क्रियता के कारण ही माफिया बेखौफ होकर कारोबार चला रहे हैं। यदि शीघ्र ही अवैध शराब अड्डों पर सख्त कार्रवाई नहीं की गई, तो गांव की स्थिति और भी भयावह हो सकती है। महिलाओं ने प्रशासन से मांग की है कि मैनीढाना गांव में अवैध शराब की बिक्री पर तत्काल रोक लगाई जाए, दोषियों पर कड़ी कार्रवाई हो और गांव को इस सामाजिक बुराई से मुक्त किया जाए।

## पर्यावरण संरक्षण के रूप में मनाया जन्मदिन



**परासिया।** चांदामेटा अंजुमन के पूर्व सदर, कांग्रेस महासचिव एवं समाजसेवी शेख साबिर ने बुधवार को अपना जन्मदिन पर्यावरण संरक्षण के रूप में मनाया। इस अवसर पर वे अपने मित्रों के साथ अनखावाड़ी स्थित सुकरी नदी तट पर पहुंचे, जहां जंगल एवं नदी क्षेत्र की साफ-सफाई की गई। शेख साबिर ने इस दौरान संदेश दिया कि जंगलों की सुरक्षा और स्वच्छता हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने वनभोज व पिकनिक मनाने आने वाले पर्यटकों से अपील की कि वे इस स्थान की साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखें। जंगल को नुकसान न पहुंचाएं तथा जंगल क्षेत्र में शोर-शराबा व आतिशबाजी से बचें। ताकि यहां रहने वाले जीव-जंतुओं को किसी प्रकार की परेशानी न हो।पर्यावरण संरक्षण का संदेश देने के बाद शेख साबिर ने मित्र मंडली के साथ केक काटकर सादगी से अपना जन्मदिन मनाया और मिठाई वितरण किया।इस अवसर पर जिला युवा कांग्रेस अध्यक्ष हरिओम उर्फ गोलू पटेल, नगर परिषद उपाध्यक्ष गोविंद बजोलिया, अमजद खान, पार्षद तौफीक खान, इरफान खान, चांदामेटा अंजुमन नायब सदर मोहम्मद राजिक, सेक्रेटरी रिजवान खान, कैशियर शेख लतीफ, मो कलीम वाला, हसीम मिर्जा, जीशान खान, यासिफ खान, मो. इरफान सहित बड़ी संख्या में मित्रगण उपस्थित रहे और पर्यावरण संरक्षण अभियान में सहभागिता की।

## वार्षिक स्नेह समारोह में विद्यार्थियों ने दी रंगारंग प्रस्तुति



हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमुआ

न्यू ज्ञानार्जन पब्लिक स्कूल घोरावाडी में वार्षिक समारोह 2026 का आयोजन बड़े ही हर्षोल्लास और गरिमामय बातावरण मैं किया गयासर्वप्रथम कार्यक्रम की शुरुवात मां सरस्वती की पूजन एवं दीप प्रज्वलित की गई इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य एवं शिक्षक शिक्षिका मौजूद रहे कार्यक्रम की शुरुआत स्वागत गीत के द्वारा की गई तत्पश्चात वार्षिक समारोह में छात्र-छात्राओं द्ववारा एक से बढ़कर एक सांस्कृतिक प्रस्तुत किया रही कार्यक्रम में कार्यक्रम में शैक्षणिक और रचनात्मक गतिविधियों के आधार पर विद्यार्थियों के सर्वाधिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका रही समझ में बच्चों द्वारा फैंसी ड्रेस नाटक गीत नृत्य की प्रस्तुतियां रही जिसमें विद्यार्थियों द्वारा ऑपरेशन सिंदूर पर एक शानदार प्रस्तुति दिखाई जिससे पूरे परिसर में भारत माता की जय घोष से गूंज उठा अतिथियों द्वारा उद्बोधन हुआ कार्यक्रम के अंत में सभी बच्चों को पुरस्कार वितरण हुआ कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपस्थित मुख्य अतिथि ओपी जोशी जुन्नारदेव अंतूदास गुप्ता अध्यक्ष मनीष तिवारी सेक्रेटरी जिला अशासकीय शाला संघ छिंदवाड़ा संस्था प्राचार्य जय सिंह बैस,कलीराम फल्के सर, तिवारी सर ,सूर्यवंशी जी गुरु चरण खरे, रवि शंकर साहू ,रतनलाल सूर्य जी राकेश खातरकर जी एवं समस्त शिक्षक शिक्षिकाएं पलक गण मौजूद रहे।

## न्यूटन में जारी रेत के अवैध कारोबार का प्रेसवार्ता में पार्षद जयंत ने किया खुलासा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ परासिया

न्यूटन नगर पंचायत में वार्ड 9 के पार्षद और भाजपा नेता जयंत राय ने प्रेसवार्ता में खुलासा किया कि बजरंग दल से जुड़े गगन और उसका भाई चंदू न्यूटन में लंबे समय से रेत का अवैध कारोबार कर रहे हैं । जिसका विरोध करने पर दोनों के द्वारा उन्हें जान से मारने की धमकी भी दी है । इस मामले की शिकायत उन्होंने न्यूटन पुलिस चौकी में शिकायत भी की है ।श्री राय ने प्रेसवार्ता में बताया कि पश्चिमी न्यूटन वार्ड 10 क्षेत्र में पेंच नदी पर इंटेक वेल है । डैम भी है । यहां से दिन रात अवैध रूप से रेत निकालकर ट्रैक्टर से परिवहन की जा रही है । इंटेक वेल से मैन पाइपलाइन फिल्टर तक गई है । रेत से भरे भारी ट्रैक्टरों की आवाजाही के चलते पाइपलाइन फूटने का खतरा है । यदि ऐसा हुआ तो न्यूटन में लंबे समय के लिए पानी की समस्या खड़ी हो जाएगी । इस समस्या और जन सुविधा को ध्यान में रखते हुए चंदू को यहां से रेत परिवहन करने से मना किया तो वे धमकी देने पर उतर आए । इनके द्वारा पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों पर पद का दायित्व बताकर दबाव भी बनाते हैं । श्री राय ने नगर पंचायत सी एम ओ को आवेदन देकर उस क्षेत्र में गेट लगाने के लिए आवेदन दिया है । वार्ता में जयंत राय के साथ मनीष चौहान और हरी मुंजारे भी मौजूद रहे । श्री राय ने अवैध रेत के कारोबार पर अंकुश लगाने और इस से जुड़े लोगों पर मामला दर्ज करने के लिए कलेक्टर , पुलिस अधीक्षक और एस डी एम से गुहार लगाई है ।



### दूसरों के खेत पर करते हैं भंडारण

वार्ता में जयंत राय ने बताया , कि गगन और चंदू के द्वारा दूसरों के खेतों पर रेत का अवैध भंडारण किया जाता है ।पिछले दिनों इनके द्वारा मणिशंकर के खेत में भंडारण किया गया था । जब प्रशासनिक कार्यवाही हुई तो खेत मालिक पर 5 लाख का जुर्माना लगाया गया । जयंत राय ने बताया , कि इनका वर्तमान में रेत का अवैध भंडारण वार्ड 9 , 10 , फारूखी ढाना के पीछे , पेंच नदी पुल के नीचे रखा हुआ है । जिसकी भनक लगने पर सोमवार को कुछ पत्रकार भंडार स्थलों तक पहुंचे थे । जिसके लिए मुझे जिम्मेदार ठहराते हुए धमकी दी गई।

### दोनों पक्षों ने की शिकायत

इस मामले में पार्षद जयंत राय ने पुलिस में शिकायत की तो वहीं चंदू साहू के द्वारा भी जयंत राय के खिलाफ पुलिस से शिकायत की गई है ।




## यूट्यूब फिटनेस ने 81 रनों से जीता क्वार्टर फाइनल

**बड़कुही** / परासिया :-बुधवार को कैरी ऑन कप में क्वार्टर फाइनल मुकाबला खेला गया जो की यूट्यूब फिटनेस छिंदवाड़ा वर्सेस विद्या भूमि छिंदवाड़ा के मध्य खेला गया जिसमें टॉस जीत के पहले बल्लेबाजी करते हुए यूट्यूब फिटनेस की टीम ने 222 रन का विशाल स्कोर बनाया । जिसमें विधान जोशी ने 87 बनाएं एवं शैलेंद्र बिंदवारी ने 27 रन बनाएं । विद्या भूमि की ओर से अवनीश सेन ने चार ओवर में 38 रन देकर दो विकेट लिए । बाद में बल्लेबाजी करने उतरी विद्या भूमि की टीम अपने सभी विकेट खोकर 141 रन इस मैच को यूट्यूब फिटनेस ने 81 रनों से जीता आज इस प्रतियोगिता का दूसरा सेमीफाइनल मुकाबला खेला जाएगा जो की सर्कुलर बॉयज छिंदवाड़ा वर्सेस यूट्यूब फिटनेस छिंदवाड़ा के मध्य खेला जाएगा । कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में नगर परिषद के नगर अध्यक्ष निसार खान , पार्षद संगीता आरसे , शिवा राव तेल एवं बसंत काले उपस्थित रहे ।



## दमुआ में सात दिवसीय श्रीमद भागवत कथा का समापन

**दमुआ।** श्री श्री सती अनुसुईया माता मंदिर सेवा धाम समिति के तत्वधान में श्री अनुग्रह सागर महाराज वृन्दावन धाम वाले के मुखारविंद श्रीमद्भागवत कथा का 7 दिवसीय कथा का समापन हुआ। कथा में आस पास के क्षेत्र के भक्त श्रद्धालूओं का जनसैलाब उमड़ा रहा व हर वर्ग के महिला एवं पुरुष अति आनंदित होकर कथा का रसपान किया कथा के सातवें दिन मुख्य सारांश सुदामा चरित्र का वर्णन करते हुए श्रीमद्भागवत संगीत में ज्ञान यज्ञ का आरती के बाद समापन भी हुआ ततपश्चात विशाल प्रसादी भंडारा का आयोजन भी हुआ जहां भारी संख्या में भक्त श्रद्धालु जन प्रेमी बंधु उपस्थित होकर पुण्य लाभ भी अर्जित किया।

## महादेव महोत्सव का आयोजन 15 फरवरी को लांजी में



### कोटेश्वर महादेव मंदिर परिसर में होंगी लोक-भक्ति गायन एवं नृत्य नाटिका की प्रस्तुतियाँ

**हरिभूमि न्यूज लांजी।** संस्कृति विभाग, म.प्र. शासन द्वारा बालाघाट जिले के महादेव नगरी लांजी स्थित कोटेश्वर महादेव मंदिर परिसर में शिव-सत्य की कला अभिव्यक्तियों पर एकाग्र "महादेव महोत्सव" का आयोजन 15 फरवरी, 2026 को सायं 6.30 बजे से किया जाएगा।कार्यक्रम में शिव केंद्रित नृत्य नाटिका, लोक गायन एवं भक्ति गायन की प्रस्तुतियाँ संयोजित की जाएंगी।छतरपुर के श्री रामसिंह राय अपने लोक गायन से मंदिर की पावन धरा पर सांस्कृतिक चेतना का दीप प्रज्वलित करेंगे।भोपाल की विधिका मिष्ठी की आदिदेव भगवान शिव पर केंद्रित भावप्रवण प्रस्तुति होगी, जिसमें नृत्य नाटिका के माध्यम से कलाकार शिव कथा को जीवंत करेंगे।जबलपुर के ईशान मिनोचा एवं साथी कलाकार भक्ति गायन की प्रस्तुति देंगे, जिनके स्वरों में रची शिव-आराधना वातावरण को आध्यात्मिक भाव विभोरता से आलोकित करेगी। कार्यक्रम संस्कृति विभाग द्वारा जिला प्रशासन बालाघाट के सहयोग से यह आयोजन किया जाएगा।यह आयोजन शिवभक्ति, लोक परम्परा और शास्त्रीय–सुगम कलाओं के सुरम्य संगम के रूप में श्रद्धा और भक्ति की एक अनुपम संध्या रचेगा।समारोह में उपस्थित सभी दर्शकों को भगवान शिव की भक्ति और शांति का अनुभव होगा।

माता-पिता एवं परिजनों को दी गई कानूनी जानकारी

## खापा में रोका गया बाल विवाह, समझाइश के बाद टला आयोजन

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।



जिले में बाल विवाह की रोकथाम हेतु चलाए जा रहे जागरूकता अभियान के तहत ग्राम खापा में तय किया गया एक बाल विवाह समय रहते रोक दिया गया। महिला एवं बाल विकास विभाग, पुलिस विभाग तथा अन्य संबंधित विभागों की संयुक्त टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए नाबालिग बालिका के माता-पिता एवं परिजनों को समझाइश देकर विवाह को निरस्त करा दिया।

जिले में बाल विवाह मुक्त समाज के निर्माण के उद्देश्य से कलेक्टर श्री मृणाल मीणा एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग श्रीमती दीपमाला मंगोडिया के निर्देशन में निरंतर सख्त एवं प्रभावी कदम उठाए जा रहे हैं। इसी क्रम में वारासिवनी तहसील के ग्राम खापा में बाल विवाह तय होने की सूचना प्राप्त होते ही बाल कल्याण समिति, पुलिस विभाग की विशेष किशोर इकाई, वन स्टॉप सेंटर तथा आंगनबाड़ी विभाग की संयुक्त टीम तत्काल मौके पर पहुंची।

कार्यवाही के दौरान बाल कल्याण समिति की सदस्य श्रीमती सुनीता झांगेले, पुलिस विभाग की विशेष किशोर इकाई से रेहाना खान एवं योगेश राहंगडाले, महिला एवं बाल विकास विभाग की पर्यवेक्षक श्रीमती कौतिका नारनौरे, वन स्टॉप सेंटर बालाघाट की प्रशासक रचना चौधरी, केस वर्कर श्रीमती यानिता रहगडाले, चाइल्ड लाइन प्रभारी श्री खिलेंद्र यूके एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ता उपस्थित रहीं। टीम द्वारा बालिका, उसके माता-पिता एवं सगे-संबंधियों को बाल विवाह न करने के लिए समझाया गया तथा कानूनी प्रावधानों से अवगत कराया गया।

अधिकारियों ने बताया कि बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम के अनुसार लड़की की न्यूनतम आयु 18 वर्ष एवं लड़के की न्यूनतम आयु 21 वर्ष निर्धारित है। बाल विवाह कराना केवल सामाजिक बुराई ही नहीं बल्कि दंडनीय अपराध भी है। इसके तहत माता-पिता, परिजन, बाराती एवं विवाह संपन्न कराने वाले पुरोहित तक पर कानूनी कार्रवाई की जा सकती है। दोषी पाए जाने पर दो वर्ष तक के कठोर कारावास अथवा एक लाख रुपये तक के जुर्माने या दोनों का प्रावधान है। अधिकारियों ने यह भी जानकारी दी कि बाल विवाह के कारण कुपोषण, मातृ एवं शिशु मृत्यु दर में वृद्धि तथा घरेलू हिंसा जैसी गंभीर समस्याएं उत्पन्न होती हैं। इसलिए समाज के सभी वर्गों को इस कुप्रथा के विरुद्ध जागरूक होकर सहयोग करना आवश्यक है।

जिला कार्यक्रम अधिकारी ने जिलेवासियों से अपील की है कि निर्धारित आयु पूर्ण होने के बाद ही विवाह संपन्न कराएं। यदि कहीं भी बाल विवाह की सूचना प्राप्त हो तो जिला बाल संरक्षण अधिकारी, वन स्टॉप सेंटर (मोबाइल नंबरः 6262240299), टोल फ्री नंबर 1098 अथवा महिला हेल्पलाइन 181 पर संपर्क करें। सूचना देने वाले व्यक्ति की पहचान पूर्णतः गोपनीय रखी जाएगी।

## बिसोनी में हिंदू सम्मेलन को लेकर सकल हिंदू समाज की बैठक संपन्न



**हरिभूमि न्यूज लांजी।** लांजी जनपद के ग्राम बिसोनी में सकल हिंदू समाज ने विशाल हिंदू सम्मेलन आयोजित करने की योजना बनाई है। इसके लिए बिसोनी सोसायटी प्रांगणन में आयोजित बैठक में हिंदू समाज को संगठित, जागरूक करने, सामाजिक एकता और सनातन धर्म के महत्व पर चर्चा की गई। बैठक में प्रमुख रूप से सकल हिन्दू समाज मंडल बिसोनी मौजूद रहे, जिन्होंने हिंदू समाज की मजबूती के लिए इस तरह के आयोजनों को महत्वपूर्ण बताया। जानकारी अनुसार 7 फरवरी को सकल हिंदू समाज द्वारा एक विशाल हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। जिसकी योजना बनाने के लिए समस्त सकल हिंदू समाज एकत्रित होकर बैठक कर कार्यक्रम की रूपरेखा बनाई गई इस बैठक में मुख्य रूप से सुखपाल भर्रे, योगेंद्र दहिकर, पूर्व सरपंच विजय वारे, ताराचंद कुचलाहे दुल्हापुर सरपंच, महेंद्र बोरकर कटंगी सरपंच, देवेश एड़े-बिसोनी मंडल अध्यक्ष, बुधराम देवगढ़े, ललित देवगढ़े, बलिराम बढ़गैया, पुरुषोत्तम कलपुरिया, विजय कुचलाहे, रवि, टिकेश्वर कर्राहे, वैभव सिंह बड़गइयाँ , मुकेश बड़गइयाँ, पवन वारे, अनसुक कलपुरिया, डीलेश्वर सिरसाज , अनिल , डॉ महेंद्र रणदीवे, यशवंत राव बडघइया, राजकुमार कुशले, अमित कर्राहे, प्रतीक देवगढ़े, कुशलेश कलपुरिया,मौजूद रहे।

## बिलासपुर ने नागपूर को पराजित कर सेमीफाईनल का टिकट कटाया




**हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।** स्थानीय देवधर मैदान पर खेले जा रहे ऑल इंडिया देवधर ट्रॉफी के एक रोमांचक क्वार्टर फाइनल मुकाबले में एस ई एस आर बिलासपुर ने वी टी सी ए नागपुर को 13 रनों से हराकर सेमीफाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी बिलासपुर की टीम ने निर्धारित 20 ओवरों में 8 विकेट खोकर 124 रनों का चुनौतीपूर्ण स्कोर खड़ा किया। जवाब में नागपुर की पूरी टीम 19.1 ओवरों में मात्र 111 रनों पर ढेर हो गई। मैच में 52 गेंदों में 3 चौकों व 3 छक्कों की मदद से 55 रन बनाने व 2 विकेट लेने वाले राज चौधरी को मैन ऑफ द मैच घोषित किया गया।

बिलासपुर की शुरुआत खराब रही और उसके ऊपरी क्रम के बल्लेबाज जल्दी पवेलियन लौट गए। एक समय टीम ने मात्र 20 रनों पर अपने 5 विकेट गंवा दिए थे। संकट की घड़ी में राज चौधरी ने मोर्चा संभाला और 52 गेंदों पर 3 चौकों व 3 छक्कों की मदद से नाबाद 55 रनों की कप्तानी पारी खेली। उनका बखूबी साथ अतुल शर्मा ने दिया, जिन्होंने मात्र 20 गेंदों में 4 चौकों और 2 छक्कों की सहायता से तेजतर्रार 36 रन बनाए। नागपुर की ओर से गेंदबाजी करते हुए अविनाश जाधव ने 4 ओवर में 26 रन देकर 3 सफलताएं प्राप्त की, जबकि सत्यम भोयर को 2 विकेट मिले।

125 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी वी टी सी ए नागपुर की टीम बिलासपुर की सधी हुई गेंदबाजी के सामने टिक नहीं सकी। नागपुर की ओर से उपदेश राजपूत और शांतनु राजपूत ने सर्वाधिक 26-26 रनों का योगदान दिया, लेकिन टीम को जीत तक नहीं ले जा सके। कप्तान अगम सिंह ने भी 24 रनों की पारी खेली, पर मध्यक्रम के लगातार गिरते विकेटों ने नागपुर की राह मुश्किल कर दी।

बिलासपुर की तरफ से अतुल शर्मा और कुशल काकड़ ने बेहतरीन गेंदबाजी का प्रदर्शन करते हुए 3-3 विकेट चटकाए। वहीं पहली पारी के हीरो रहे राज चौधरी ने गेंदबाजी में भी अपना जलवा दिखाया और 4 ओवर में 23 रन देकर 2 महत्वपूर्ण विकेट लिए। प्रवीण कुमार यादव को भी 2 विकेट मिले। अंततः पूरी नागपुर टीम 111 रनों पर सिमट गई।

त्रिरत्न बुद्ध विहार कोसमी बालाघाट में शरीक होंगे, जापान थाईलैंड तिब्बत एवं भारत के विद्वान बौद्ध भिक्षुगण

# 9 फरवरी को अंतर्राष्ट्रीय बौद्ध महोत्सव

**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।** जिला स्तरीय त्रिरत्न बुद्ध विहार कोसमी बालाघाट में बालाघाट जिला बौद्ध संघ बालाघाट, संरक्षक संघ बालाघाट, बहुजन संघ बालाघाट, आल इंडिया समता सैनिक दल बालाघाट, धम्मराज धम्म वर्ग संघ बालाघाट, जिला स्तरीय सार्वजनिक जयंती समारोह समिति बालाघाट, दी बुद्धिष्ट सोसायटी आफ इंडिया शाखा बालाघाट, भारतीय बौद्ध महासभा बालाघाट के संयुक्त तत्वावधान में अंतरराष्ट्रीय बौद्ध महोत्सव जिला स्तरीय त्रिरत्न बुद्ध विहार कोसमी बालाघाट में आगामी 9 फरवरी 2026 को आयोजित किया गया है। कार्यक्रम अध्यक्षता जगत विख्यात धम्मदूत पूज्य भदंत संघरत्न मानके जी (संस्थापक अध्यक्ष पज्जा मेता संघ जापान, भारत) कार्यक्रम के उद्घाटक पूज्य भदंत खोशो तानी जी (मुख्यविहारधीपति जापान), कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूज्य भदंत शोझेन आराहीजी ( द लाइट अप ए कार्नर के निदेशक विश्व गतिविधियों के नेदाई संघ जापान), कार्यक्रम के विशेष अतिथिगण पूज्य भदंत शोताई योकोयामाजी(भिक्षु साधनाकेंद्र के प्रमुख माउंट हिऐई जापान), पूज्य भदंत डॉ. अनेक महाथेरो ज्ञानदीप (अध्यक्ष थाई स्टूडेंट्स एसोसिएशन बैंकाक थाईलैंड) पूज्यभदंत डॉ. ज्ञानदीप महाथेरो (कोषाध्यक्ष आल इंडिया भिक्षुसंघ बोधगया), पूज्य भदंत डॉ. वणण सामी (नागपुर) पूज्य भदंत खेईचि तेराशिमा (जापान),



पूज्य भदंत ज्योंखा ओनो (टोकियो जापान), पूज्य भदंत लोबझाग तेपा (तिब्बती कैंप), पूज्य भदंत डॉ. चंद्रकीर्ति (राष्ट्रीय सलाहकार आल इंडिया बुद्धिस्ट फोरम), पूज्य भदंत ए यू मुराखाभी (जापान), पूज्य भदंत धर्मशील जी (सारनाथ), पूज्य भिक्षुणी तेईयू ओचि (जापान), पूज्य भदंत नागसेन (भंडारा) इत्यादि बौद्ध विद्वानों व बालाघाट जिले में बुद्ध अंबेडकर मिशन को जनमानस तक पहुंचाने में अग्रणी भूमिका का निर्वहन करने वाले कार्यक्रम के प्रमुख मार्गदर्शक पूज्य भदंत धम्म शिखर (जिला स्तरीय त्रिरत्न बुद्ध विहार कोसमी बालाघाट) तथा कार्यक्रम के स्वागताध्यक्ष उपासक रमेश थेटे जी (आरई, आईएएस) ( सेवानिवृत प्रिंसिपल सेक्रेटरी मप्र शासन भोपाल), अधिवक्ता संजय खोबरागड़े (जिला अध्यक्ष बालाघाट जिला बौद्ध संघ बालाघाट), देवेंद्र (मल्ला) मेश्राम भूतपूर्व अध्यक्ष जिला स्तरीय सार्वजनिक जयंती समारोह समिति बालाघाट की उपस्थित में संपन्न होगा। रवि पटले ( जिला महासचिव बालाघाट जिला बौद्ध संघ बालाघाट) ने जारी बयान में कार्यक्रम की रूपरेखा के संबंध में बताया कि 9 फरवरी 2026 को आयोजित अंतरराष्ट्रीय बौद्ध महोत्सव कार्यक्रम में आगंतुक जापान थाईलैंड तिब्बत एवं भारत के सुप्रसिद्ध बौद्ध भिक्षुगणों द्वारा सुबह 9 बजे परम पूज्य डॉ. बाबा साहब अंबेडकर चौक बालाघाट में संविधान निर्माता परम पूज्य डॉ. बाबा साहब अंबेडकर जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण व पूजा वंदना तत्पश्चात सुबह 10 बजे से परम पूज्य डॉ. बाबा साहब अंबेडकर चौक बालाघाट से विशाल रैली शहर का भ्रमण कर कार्यक्रम स्थल जिला स्तरीय त्रिरत्न बुद्ध विहार कोसमी बालाघाट में पहुंचकर कार्यक्रम में तब्दील होगी। आल इंडिया समता सैनिक दल बालाघाट ने जिले के तमाम बौद्ध उपासक उपासिकाओं से आव्हान किया कि कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सहपरिवार अधिक से अधिक तादाद में उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाए।

## खबर संक्षेप

### मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना अंतर्गत वाराणसी-अयोध्या की यात्रा के लिए आवेदन आमंत्रित

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के अंतर्गत वाराणसी-अयोध्या तीर्थ यात्रा का आयोजन दिनांक 30 मार्च 2026 से 04 अप्रैल 2026 तक किया जाना है। उक्त यात्रा के लिए सिवनी जिले को कुल 279 यात्रियों का लक्ष्य प्राप्त हुआ है।
तीर्थ यात्रा में सम्मिलित होने के लिए इच्छुक आवेदक जनपद कार्यालय, तहसील कार्यालय अथवा नगरपालिका सिवनी में निर्धारित प्रारूप में आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं। आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 16 मार्च 2026 निर्धारित की गई है। आवेदन के साथ आयु संबंधी प्रमाण पत्र, फोटो पहचान पत्र (आधार कार्ड, मतदाता परिचय पत्र अथवा अन्य वैध फोटोयुक्त पहचान पत्र) एवं समग्र आई.डी. अनिवार्य रूप से संलग्न करना होगा।

## प्रतिबंधात्मक आदेश जारी:

# बिना अनुमति के कलेक्टर कार्यालय परिसर में पांच या उससे अधिक व्यक्तियों का समूह एकत्रित नहीं होगा

**कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्रीमती शीतला पटले ने कार्यालय कलेक्टर, परिसर में कानून-व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 की धारा 163 के अंतर्गत प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किए गए हैं।**

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** जारी आदेश अनुसार, बिना अनुमति के कलेक्टर कार्यालय परिसर में पांच या उससे अधिक व्यक्तियों का समूह एकत्रित नहीं होगा। परिसर में किसी भी प्रकार का प्रदर्शन, जुलूस या रैली निकालना प्रतिबंधित रहेगा, साथ ही बिना अनुमति के ज्ञापन देने हेतु प्रवेश भी वर्जित रहेगा। कोई भी व्यक्ति लाठी, डंडा या अन्य धारदार हथियार लेकर कलेक्टर कार्यालय परिसर में प्रवेश नहीं करेगा। ज्ञापन देने के लिए अनुविभागीय दण्डाधिकारी अथवा कार्यपालिक दण्डाधिकारी को पूर्व सूचना देना अनिवार्य होगा। यदि किसी व्यक्ति को ज्ञापन देने की अनुमति प्रदान की जाती है, तब भी समूह के सभी लोग परिसर में प्रवेश नहीं करेंगे। केवल एक प्रतिनिधि, जो समूह का मुखिया होगा, कार्यालय में प्रवेश कर संबंधित कार्यपालिक दण्डाधिकारी से संपर्क करेगा। इसके पश्चात कार्यपालिक दण्डाधिकारी अपने विवेक से कार्यालय के भीतर या बाहर ज्ञापन प्राप्त करेंगे। इसके अतिरिक्त, किसी भी व्यक्ति या समूह द्वारा हिंसा भड़काने वाले, समाज में वैमनस्य फैलाने वाले अथवा किसी व्यक्ति विशेष के मान-सम्मान को ठेस पहुंचाने वाले नारे लगाने पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। समस्त ज्ञापन अनुविभागीय दण्डाधिकारी सिवनी के कार्यालय में ही प्राप्त किए जाएंगे। यह आदेश सर्वसाधारण पर लागू रहेगा, किंतु कर्तव्य पर कार्यरत शासकीय सेवकों, पुलिस बल के सदस्यों, मजिस्ट्रेटों तथा शासन निर्देशानुसार आयोजित बैठकों में आमंत्रित व्यक्तियों पर लागू नहीं होगा। आदेश जारी दिनांक से 02 माह तक प्रभावशील रहेगा।

# शासकीय उचित मूल्य दुकान पिंडरई रैयत में गरीबों के हक पर डाका!

## अध्यक्ष-सचिव पर राशन में भारी कटौती का आरोप, ग्रामीणों में उबाल

**जिले के आदेगांव क्षेत्र अंतर्गत शासकीय उचित मूल्य दुकान पिंडरई रैयत में गरीबों के हक पर खुलेआम डाका डाले जाने का गंभीर मामला सामने आया है।**




दुकान संचालन कर रहे स्व-सहायता समूह (कोड क्रमांक 3706089) की अध्यक्ष शक्कर बाई एवं सचिव कुसुम बाई पर राशन वितरण में भारी अनियमितता के आरोप लगे हैं। ग्रामीण राशन कार्ड धारकों का आरोप है कि जब से यह समूह दुकान का संचालन कर रहा है, तब से उन्हें पूरा राशन नहीं दिया जा रहा।
शासन के स्पष्ट निर्देशों के अनुसार प्रति व्यक्ति 5 किलोग्राम अनाज दिया जाना अनिवार्य है, लेकिन हकीकत यह है कि प्रति व्यक्ति लगभग 2 किलोग्राम कम राशन थमाया जा रहा है। गरीब परिवारों के हक के अनाज में इस तरह की कटौती से गांव में भारी आक्रोश व्याप्त है। ग्रामीणों का कहना है कि यह सीधा-सीधा गरीबों के पेट पर लात मारने जैसा है और इसकी शिकायत कई बार मौखिक रूप से की जा चुकी है, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई।
ग्रामीणों ने प्रशासन को चेतावनी देते हुए साफ कहा है कि यदि उन्हें पूरा और नियमानुसार राशन नहीं दिया गया, तो वे समस्त ग्रामीणों के साथ उग्र आंदोलन करने के लिए मजबूर होंगे,
जिसकी पूरी जिम्मेदारी संबंधित विभाग एवं दुकान संचालकों की होगी। अब देखना यह होगा कि प्रशासन इस गंभीर मामले में कब तक आंखें मूंदे रहता है, या फिर दोषियों पर सख्त कार्रवाई कर गरीबों को उनका हक दिलाता है।

# छपारा के विवेकानंद वार्ड ने कलेक्टर से प्रधानमंत्री शहरी आवास योजना का लाभ दिलाये जाने की मांग

**प्रत्येक मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित होने वाली जिलास्तरीय जनसुनवाई कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। जनसुनवाई में कुल 158 आवेदन प्राप्त हुए। इस अवसर पर अपर कलेक्टर सुश्री सुनीता खंडायत सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। वहीं सभी अनुविभागीय अधिकारी राजस्व एवं विकासखंड स्तरीय अधिकारी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जनसुनवाई से जुड़े।**

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** जिलास्तरीय जनसुनवाई में तहसील बरघाट अंतर्गत ग्राम खुर्सीपार खुर्द निवासी बसीराम चौहान द्वारा मृत्यु उपरांत सहसेवा अनुदान राशि दिलाये जाने विषयक, तहसील सिवनी अंतर्गत ग्राम बोरदई निवासी हकीम खान द्वारा राशनकार्ड, पात्रता पर्ची एवं आयुष्मान कार्ड बनाये जाने विषयक, ग्राम ढेंकी सिवनी निवासी रामकुमार यादव द्वारा खाद्यान्न दिलाये जाने विषयक, ग्राम खिरखिरी सिवनी निवासी सुमंत्रा परते द्वारा संबल कार्ड बनाये जाने विषयक, ग्राम पीपरडाही सिवनी निवासी वंदना जावरे द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिलाये जाने विषयक, तहसील केवलारी अंतर्गत ग्राम बगलई निवासी तेजलाल बघेल द्वारा आवासीय पट्टा दिलाये जाने विषयक, ग्राम पीपरडाही सिवनी निवासी पवन जावरे द्वारा राशन कार्ड पर नाम जोडे जाने विषयक, ग्राम जैतपुरकला निवासी करतार सिंह बघेल द्वारा जन्म प्रमाण पत्र दिलाये जाने विषयक, तहसील छपारा अंतर्गत विवेकानंद वार्ड निवासी रामेश्वर बंजारे एवं समस्त वार्डवासी द्वारा प्रधानमंत्री शहरी आवास योजना का लाभ दिलाये जाने विषयक, तहसील केवलारी अंतर्गत ग्राम पनवास निवासी भगवत सिंह बघेल द्वारा मकान का पट्टा दिलाये जाने विषयक, ग्राम दुकली सिवनी निवासी पुन्नूलाल धुर्वे द्वारा कृषि हेतु घासमद भूमि का स्थायी पट्टा दिलाये जाने विषयक, महावीर वार्ड सिवनी निवासी ज्योति नामदेव द्वारा बीपीएल सूची में नाम जोडे जाने एवं राशन कार्ड बनाये जाने विषयक, ग्राम उडेपानी निवासी सुन्ने सिंह नेटी द्वारा आमाटोला तक पहुंच मार्ग बनाये जाने तथा सीमांकन कराये जाने विषयक, ग्राम बरेलीपार रैयत सिवनी निवासी धुन्नू परधान द्वारा सीमांकन कराये जाने विषयक, केवलारी निवासी संजू उइके द्वारा अंत्येष्टि व अनुग्रह राशि दिलाये जाने विषयक, तहसील लखनादौन अंतर्गत ग्राम धूमा निवासी महेन्द्र नामदेव द्वारा बसों में अधिक किराया वसूले जाने विषयक, तहसील कुरई अंतर्गत ग्राम चक्की खमरिया निवासी सुनिता चौरसिया द्वारा राजस्व अभिलेख में पुत्र प्रियांशु चौरसिया का नाम दर्ज कराये जाने विषयक, शास्त्री वार्ड सिवनी निवासी अंजली डहेरिया द्वारा गंभीर बीमारी के उपचार हेतु पुरानी समग्र आईडी बहाल कर आयुष्मान भारत योजना का लाभ दिलाये जाने विषयक सहित कुल 158 आवेदन प्राप्त हुए। प्राप्त आवेदनों पर नियमानुसार कार्यवाही कर शीघ्र निराकरण किये जाने के निर्देश कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले द्वारा संबंधित विभागीय अधिकारियों को दिये गये।

# श्रीबैनगंगाशांतिधाम संयोजक मंडल के प्रतिनिधि मंडल ने बेनगंगा शांति धाम में विधायक दिनेश राय मुनमुन से भेंट की



श्री बैनगंगा शांति धाम आज प्रातः 10:30 बजे संयोजक मंडल के प्रतिनिधि मंडल ने बेनगंगा शांति धाम में विधायक महोदय श्री दिनेश राय जी मुनमुन से भेंट की, उनसे श्री शांति धाम में विकास एवं निर्माण के संबंध में चर्चा की गई। विधायक महोदय ने एक कांक्रीट शवदाह ग्रह एवं एक टीनशेडनिर्माण का भूमि पूजन भी किया।प्रतिनिधि मंडल के रूप में श्री राजेंद्र कुमार हेडाऊ, श्री घनश्याम जी हेडाऊ, श्री दिलीप नंदनवार जी, श्रीदेवी प्रसाद जी कुल्हाड़े, श्री नितेश हेडाऊ, श्री हीरालाल जी कुल्हाड़े, श्री सुरेश भांगरे, श्री भुवन लाल जी गढेवाल, श्री हर्ष बांगर आदि सामाजिक बंधु उपस्थित थे।

# कोतवाली पुलिस द्वारा फरियादी के चोरी गए 6 लाख के कैमरे बरामद करने पर छपारा निवासी फरियादी ने किया कोतवाली पुलिस का आभार

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।**




फरियादी राहुल वैश पिता स्व.श्री उमाप्रसाद वैश उम्र निवासी उम्र 22 वर्ष निवासी छपारा द्वारा घर में रखे 02 कैमरे जो इसने किस्तों में खरीदा था एवं कैमरो से ही फरियादी का जीवन यापन होता था चोरी की थाना छपारा में दिनांक 14/12/2025 को रिपोर्ट दर्ज कराया था जो कोतवाली पुलिस द्वारा थाना कोतवाली के प्रकरणों की विवेचना दौरान पकडे गये विधि विवादित किशोरों से 02 कैमरा बरामद होने की सूचना मिलने पर फरियादी द्वारा थाना कोतावली पहुँचकर अपने चोरी गये गये विडियो कैमरो को कोतवाली पुलिस के पास देखकर अत्यंत खुश आए एवं कोतवाली पुलिस को आभार व्यक्त किया गुम संपत्तिः- कैमरा सोनी एवं कैनन कम्पनी के 02 नग विडियो कैमरा कीमती करीबन 6 लाख रुपये। सराहनीय भूमिकाः- निरीक्षक सतीश तिवारी, आर. सतीश इनवाती, सिध्दार्थ दुबे की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# पंडित जानकी वल्लभ मिश्र के सानिध्य में होगा भव्य सामूहिक यज्ञोपवीत संस्कार

**सिवनी।** सनातन धर्म की गौरवशाली परंपरा को अक्षुण्ण बनाए रखने हेतु प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी परम पूज्य पंडित जानकी वल्लभ मिश्र जी के संरक्षण में यज्ञोपवीत संस्कार का पावन आयोजन होने जा रहा है। इस वर्ष का आयोजन विशेष है, क्योंकि ब्राह्मण समाज के विशेष अनुरोध पर पूज्य गुरुजी ने अपने वार्षिक अनुष्ठान को ब्राह्मण समाज द्वारा आयोजित कार्यक्रम के साथ संयुक्त रूप से संपन्न करने की स्वीकृति प्रदान की है।
शास्त्रीय विधि और निपुण आचार्यों का निर्देशन आयोजन समिति ने बताया कि संस्कार की संपूर्ण पवित्रता और प्रामाणिकता गुरुजी के प्रत्यक्ष नियंत्रण में रहेगी। इस भव्य आयोजन में यज्ञोपवीत की सम्पूर्ण कर्मकांडीय प्रक्रिया मुख्य रूप से आचार्य पंडित भूपेंद्र तिवारी एवं पंडित शरद शर्मा द्वारा संपन्न कराई जाएगी। सहयोगी आचार्य के रूप में पंडित पार्थ शर्मा एवं पंडित सिद्धांत त्रिवेदी अपनी सेवाएँ देंगे।
गुरु परिवार की सक्रिय सहभागिता कार्यक्रम को भव्यता प्रदान करने के लिए गुरु परिवार के समस्त शिष्य मंडल तन-मन-धन से जुटे हुए हैं। आयोजन का मुख्य ध्येय बटुकों को वही शास्त्रीय संस्कार प्रदान करना है, जिसके लिए गुरुजी का आयोजन पहचाना जाता है।
कार्यक्रम 6 फरवरी 2025 स्थान परशुराम मंगल भवन, डूँडासिवनी आयोजक गुरु परिवार एवं समस्त ब्राह्मण समाज उपस्थिति की अपील गुरु परिवार और ब्राह्मण समाज ने समस्त धर्मप्रेमी बंधुओं से इस धर्ममय वातावरण में उपस्थित होकर बटुकों को आशीर्वाद प्रदान करने और कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है।

# दो बाघ शावकों का सुरक्षित रूप से रेस्क्यू कर सतपुड़ा टाइगर रिज़र्व भेजा गया

**सिवनी।** दिनांक 02 फरवरी 2026 की रात्रि में ग्रामवासियों द्वारा दक्षिण सिवनी वनमण्डल एवं पेंच टाइगर रिज़र्व, सिवनी के वन अमले को सूचना दी गई कि दक्षिण वनमंडल सिवनी के राजस्व ग्राम गोरखपुर में कृषि भूमि के समीप स्थित एक छोटे से मंदिर में दो बाघ शावक हैं।
सूचना प्राप्त होते ही वन अमला तत्काल मौके पर पहुँचा तथा जिज्ञासावश एकत्रित भीड़ स्थिति नियंत्रित रखते हुए मौका निरीक्षण करने पर यह पाया गया कि दोनों बाघ शावक लगभग 7-8 माह के हैं और भयभीत, अत्यधिक कमजोर अवस्था में हैं तथा उन्हें गहन देखभाल की आवश्यकता है। बाघ शावकों की सुरक्षा एवं तुरंत देखभाल की आवश्यकता को प्राथमिकता देते हुए दोनों बाघ शावकों को बिना ट्रैंक्विलाइज़ेशन किये रात लगभग 2.30 बजे दो पृथक-पृथक पिंजरों में सुरक्षित रूप से रेस्क्यू किया गया।



तत्पश्चात उन्हें पेंच टाइगर रिज़र्व स्थित पशु चिकित्सालय, खवासा ले जाया गया।
शावकों को पर्याप्त भोजन एवं पानी उपलब्ध कराया गया तथा उन्हें सीसीटीवी निगरानी में विश्राम हेतु रखा गया।दिनांक 03 फरवरी 2026 की प्रातः दोनों बाघ शावक स्वस्थ एवं स्थिर पाए गए। मानव प्रभाव (ह्यूमन इम्प्रिंटिंग) से बचाव तथा री-वाइल्डिंग के उद्देश्य से दोनों शावकों को एक साथ परिवहन पिंजरे में रखकर सतपुड़ा टाइगर रिज़र्व भेजा गया। पूरी कार्यवाही वन अमले एवं पशु चिकित्सा दल के समन्वित प्रयासों से शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न की गई, जिससे बाघ शावकों की सुरक्षा एवं स्वास्थ्य सुनिश्चित किया जा सका।

## क्षेत्रांतर्गत विभिन्न विकास कार्यों का किया भूमिपूजन

# योजनाएं केवल आंकड़े नहीं हैं ये बदलते भारत की सशक्त तस्वीर है-दिनेश राय मुनमुन

पिछले वर्षों में हमारी डबल इंजन की सरकार ने योजनाओं को केवल घोषणा तक सीमित नही रखा बल्कि उन्हे जमीन पर उतारने का काम किया है। भाजपा सरकार का एक ही मंत्र है चरैवेति-चरैवेति यानी चलते रहना, रुकना नहीं, जब तक हर गरीब के चेहरे पर मुस्कान न आ जाए। यह बात भाजपा विधायक दिनेश राय मुनमुन द्वारा ग्रामीण जनों के बीच संबोधित करते हुए कही गयी। आज निर्धारित कार्यक्रम अनुसार विधायक दिनेश राय मुनमुन ने विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत आने वाले ग्राम बींझावाडा मे प्रातः 10 बजे से दौरा प्रारंभ कर सामुदायिक भवन, कंडीपार मार्ग पर तोरणद्वार, पंड्या कालोनी मे सीसी रोड एवं नाली, जिला पंचायत परिसर मे बाउंड्रीवॉल सह गेट निर्माण कार्य का भूमिपूजन कर लोगों से मुलाकात किया।
इसी प्रकार ग्राम बिठली मे सीसी रोड, शमशान घाट की ओर एप्रोज रोड, गहरानाला से नागद्वारी की ओर एप्रोज रोड, ग्राम चीचबंद मे प्राथमिक शाला से चटनी घाट की ओर एप्रोज रोड निर्माण, ग्राम मेहराखापा मे दौड़ीपहाड़ मे शेड निर्माण, ग्राम खमरिया मे सामुदायिक



भवन निर्माण, ग्राम झील पिपरिया मे झीलपिपरिया से ग्राम कंजई मार्ग पर 3 रोह पुलिया निर्माण, ग्राम जमुनिया में सामुदायिक भवन निर्माण, ग्राम घाटपिपरिया मे एप्रोच रोड निर्माण, ग्राम सिहोरा मे शांतिधाम सौंदर्यीकरण व फेंसिंग कार्य, हनुमान घाट पर स्नान घाट निर्माण, ग्राम खामखरेली मे सामुदायिक भवन, डुंगरिया से खामखरेली एप्रोच रोड, डुंगरिया मे स्नान घाट निर्माण एवं ग्राम सोंनाडोगरी मे सोनाडोंगरी से थांवरी तक एप्रोच रोड, ग्राम थांवरी मे स्नान घाट निर्माण कार्य जैसे विकास कार्यों का विधी विधान से भूमिपूजन किया। तथा विधायक दिनेश राय मुनमुन ग्रामीणों से मुलाकात कर चर्चा किया। इसके साथ ही आपने जिला चंद्रवंशी गौली महासभा के निर्माणाधीन भवन का निरीक्षण जानकारी प्राप्त किया व ग्राम छीतापार मे श्रीमद् भागवत महापुराण कथा मे शामिल हुए। इस दौरान अतिथि आसंदी से विधायक दिनेश राय मुनमुन ने आगे कहा कि पहले की सरकारों में योजनाएं कागजों पर बनती थीं और फाइलों में ही दम तोड़ देती थी। लेकिन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और प्रदेश सरकार के नेतृत्व में आज योजनाएं सीधे जनता के दरवाजे तक पहुंच रही हैं। उन्होंने कहा कि आयुष्मान भारत योजना के तहत अब किसी गरीब को इलाज के लिए अपनी जमीन या गहने गिरवी रखने की आवश्यकता नहीं है। आयुष्मान योजना के माध्यम से 5 लाख रुपये तक का मुफ्त इलाज एक सुरक्षा कवच के रुप मे हर जरूरतमंद के हाथ मे दिया गया है।
विधायक दिनेश राय मुनमुन ने प्रधानमंत्री आवास योजना का उल्लेख करते हुए कहा कि मिट्टी के घर से पक्के मकान तक का यह सफर केवल एक घर का निर्माण नहीं, बल्कि पूरे परिवार का सम्मान और सुरक्षित भविष्य की नींव है है। लाखों परिवारों को आज अपनी छत नसीब हुई है। श्री राय ने कहा कि भाजपा सरकार ने महिलाओं को केवल लाभार्थी नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माता के रुप मे सम्मान दिया है उज्ज्वला योजना के माध्यम से हमारी माताओं -बहनों को धुएं से मुक्ति और बेहतर स्वास्थ्य का उपहार मिला है वहीं लाड़ली बहना, लाड़ली लक्ष्मी योजना के जरिए बेटियों की शिक्षा से लेकर उनके स्वावलंबन तक सरकार हर कदम पर साथ खड़ी है। विधायक दिनेश राय मुनमुन ने आगे कहा कि बिचौलियों का खेल अब समाप्त हो चुका है। किसान सम्मान निधि की राशि सीधे किसानों के खाते में पहुंच रही है है। आज का युवा अब नौकरी मांगने वाला नहीं, बल्कि नौकरी देने वाला बन रहा हैं। ये योजनाएं केवल आंकड़े नहीं हैं ये बदलते भारत की सशक्त तस्वीर है। विकास का यह पहिया रुकने वाला नहीं है। और भाजपा सरकार गरीब, किसान, महिला और युवा हर वर्ग के सशक्तिकरण के लिए निरंतर आगे बढ़ती रहेगी।
इस अवसर पर रामजी चंद्रवंशी अध्यक्ष भाजपा मंडल करकोटी, जयदीप सिंह ठाकुर अध्यक्ष भाजपा मंडल बंडोल, श्याम मिलन पांडे , श्रीमती रजनी श्रीराम ठाकुर जिला पंचायत सदस्य, श्रीमती रीना टेकराम बरकडे जिला पंचायत सदस्य योगेश उईके जी सरपंच बीझावाडा, बसंत कटरे हेमंत टेंभरे , नन्दू यादव , विजय जंघेला , नीलू बघेल , शेरसिंह उइके, जेडी देशमुख , डा राजू राय , रंजीत राय , अखिलेश राय जेवनारामाल, प्रकाश राय , महेश परते , रामकुमार सरपंच, चेतन नरेती , कृपाशंकर ऐडे , डिमाकचंद राहंगडाले , नीरसिंह कटरे सरपंच, शारद भरतलाल कटरे सरपंच, रामकिशन पारधी , धनसिंह नरेती , कमला अहाके सहित सरपंच, उपसरपंच, सचिव, पंचगणों ग्रामीण जनों एवं विभागीय अधिकारियों कर्मचारियों की गरिमामय उपस्थिति रही।

## हाईस्कूल एवं हायरसेकेण्डरी परीक्षाओं के व्यवस्थित आयोजन को लेकर बैठक संपन्न

**सिवनी,** जिला शिक्षा अधिकारी सिवनी द्वारा जानकारी देकर बताया गया कि शासन के निर्देशानुसार मंडल द्वारा संचालित हाईस्कूल एवं हायरसेकेण्डरी परीक्षा वर्ष 2026 का आयोजन जिले में निर्धारित कार्यक्रम अनुसार किया जाना है।
उन्होंने बताया कि हाईस्कूल परीक्षा दिनांक 13 फरवरी 2026 से 06 मार्च 2026 तक तथा हायरसेकेण्डरी परीक्षा दिनांक 10 फरवरी 2026 से 07 मार्च 2026 तक प्रातः 09.00 बजे से दोपहर 12.00 बजे तक जिले के कुल 84 परीक्षा केन्द्रों में आयोजित की जाएगी। परीक्षा के सफल, सुचारू एवं निर्विघ्न संचालन हेतु प्रभारी जिला शिक्षा अधिकारी आर.आर. मेहता, सहायक संचालक आर.पी. पाटिल एवं जिला ई-गवर्नेंस अधिकारी राहुल शिवहरे की उपस्थिति में नियुक्त 84 कलेक्टर प्रतिनिधियों की बैठक विगत दिवस नेताजी सुभाषचंद्र बोस शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, सिवनी में आयोजित की गई।
बैठक के दौरान आई.टी. सेल प्रभारी ओ.पी. सनोडिया एवं तकनीकी एप प्रभारी दीप पवार द्वारा कलेक्टर प्रतिनिधियों को मोबाइल एप डाउनलोड, रजिस्ट्रेशन, इंस्टॉलेशन, परीक्षा दिवसों में एप के उपयोग तथा एप में आने वाली समस्याओं के निराकरण की प्रक्रिया संबंधी प्रशिक्षण प्रदान किया गया।

## समर्थन मूल्य पर गेंहू उपार्जन के लिए पंजीयन 07 मार्च तक

**सिवनी/** जिला आपूर्ति अधिकारी सिवनी ने जानकारी देकर बताया कि शासन के निर्देशानुसार रबी विपणन वर्ष 2026-27 में समर्थन मूल्य पर गेंहू उपार्जन के लिए पंजीयन दिनाँक 07 फरवरी 2026 से 07 मार्च 2026 तक किया जाना है। किसान अपनी फसल का निःशुल्क पंजीयन सहकारी समिति में स्थापित पंजीयन केन्द्र में एवं सशुल्क एम पी ऑनलाईन, कॉमन सर्विस सेंटर कियोस्क एवं निजी व्यक्तियों द्वारा संचालित साईबर कैफे पर जाकर अपनी उपज का पंजीयन करा सकतें है। उन्होंने बताया कि सिकमी/बटाईदार एवं वनपट्टाधारी किसानो के पंजीयन केवल सहकारी समिति में स्थापित पंजीयन केन्द्र द्वारा किये जावेगें, सिकमी/बटाईदार एवं वनपट्टाधारी किसानो के सिकमी अनुबंध दिनांक 02/02/2026 के पूर्व का होने पर ही मान्य किया जावेगा। अतः किसान अपनी सुविधानुसार समय पर निर्धारित पंजीयन केन्द्रो में जाकर अपनी उपज का पंजीयन करावें।

## जिला जेल सिवनी का निरीक्षण एवं विधिक जागरूकता शिविरि का आयोजन

**सिवनी,** / मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार एवं सतीशचंद्र राय प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश के मार्गदर्शन में मंगलवार 03 फरवरी को जिला जेल सिवनी का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के समय जेल में निरूद्ध विचाराधीन एवं सजायाफ्ता बंदियों से उनकी समस्याओं के संबंध में बातचीत कर उनको निःशुल्क विधिक सहायता, जमानत संबंधी प्रावधान, लोक अदालत एवं अन्य विधिक सेवाओं की जानकारी प्रदान की गई। जेल निरीक्षण के दौरान रवि नायक, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण,सिद्धार्थ शुक्ला, जिला विधिक सहायता अधिकारी, जेल अधीक्षक अजय वर्मा एवं जेल का अन्य स्टाफ उपस्थित रहा।

लालिमा सिंगौरे (लाली) को प्रथम जन्मदिवस की ढेर सारी शुभकामनाएं


बधाई कर्ता समस्त सिंगौरे परिवार
निवास -कुरई, जिला सिवनी (म. प्र.)

पूर्व विधायक किशोर समरिते ने कड़ी आपत्ति जताई, उन्होंने घोटी-नंदोरा में हुए सामाजिक बहिष्कार को संवैधानिक अधिकारों का हनन बताते हुए केंद्रीय गृह मंत्रालय से मामले की जांच कराने, दोनों गांवों में पुलिस फ्लैग मार्च कराने और पूरे घटनाक्रम की न्यायिक जांच की मांग की है

# मुस्लिम परिवार का हुक्का पानी बंद, दहशत में परिवार

## हिन्दु सम्मेलन में कहा था लेन-देन बंद करो...





हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

**सांसद व हिन्दुस्तान के मशहूर शायर इमरान प्रताप गढ़ी का शेर हैं- "हमीं को क़ातिल कहेगी दुनिया, हमारा ही क़त्लेआम होगा। हमीं कुँए खोदते फिरेंगे, हमीं पे पानी हराम होगा।"**

वर्तमान भाजपा शासित राज्यों में हिन्दु संगठनों के द्वारा मुस्लिम समाज को टारगेट किया जा रहा हैं। उत्तरांचल के कोद्वार क्षेत्र में हिन्दु संगठनों के द्वारा मुस्लिम समाज की कपड़ा दुकान के नाम पर बाबा शब्द पर आपत्ति लेते हुए विवाद वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा हैं। वहीं दीपक कुमार के द्वारा राष्ट्रभक्ति परिचय देते हुए 75वर्षीय दुकान संचालक बुजुर्ग का बचाव किया गया था। उत्तरांचल की पुलिस द्वारा दीपक कुमार पर गंभीर धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया। ऐसा ही कुछ नजारा लांजी क्षेत्र के ग्राम घोटी-नंदोरा में 10 मुस्लिम परिवार पर पुलिस के द्वारा अपराध दर्ज किया गया हैं। पूरा मामला इस प्रकार है।

लांजी थाना क्षेत्रांतर्गत ग्राम घोटी–नंदोरा में 10 मुस्लिम परिवारों के सामाजिक बहिष्कार का गंभीर मामला सामने आया है। आरोप है कि जनवरी में आयोजित एक हिंदू सम्मेलन में मुस्लिम समाज के खिलाफ दिए गए बयान के बाद गांव में लेन-देन बंद कर दिया गया, जिससे मुस्लिम परिवारों की रोजमर्रा की जिंदगी और आजीविका पर सीधा असर पड़ा है। बताया जा रहा है कि सम्मेलन में मुस्लिम समाज से खाना-पीना और लेन-देन पूरी तरह बंद करने तथा सभी जरूरतें केवल हिंदू समाज से ही पूरी करने का आह्वान किया गया था। इसके बाद गांव में हालात बदल गए और मुस्लिम परिवारों को सामाजिक बहिष्कार का सामना करना पड़ रहा है।

बहिष्कार के चलते बस चालक आसिफ हुसैन को स्कूल बस चलाने से रोक दिया गया है, जबकि इलेक्ट्रिशियन सादिक हुसैन पिछले सात दिनों से बेरोजगार हैं क्योंकि उन्हें काम नहीं मिल रहा। ग्रामीणों के मुताबिक मुस्लिम समाज के लोगों को किराने का सामान देने से इनकार किया जा रहा है और नाई भी दाढ़ी या बाल काटने से मना कर रहे हैं। आरोप है कि कोटवार के जरिए गांव में मुनादी कराकर सामाजिक बहिष्कार की घोषणा की गई। गांव की स्थानीय महिला खैरून निशा ने बताया कि वे लोग सम्मेलन में दिए गए बयान को लेकर बातचीत करने गए थे। उन्होंने कहा कि गांव का माहौल पहले कभी ऐसा नहीं रहा और सभी समुदाय आपस में मिलकर रहते थे, लेकिन अब बहिष्कार के कारण उन्हें गंभीर परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उनका कहना है कि बच्चे स्कूल जाने से डर रहे हैं और महिलाएं भय के माहौल में जीने को मजबूर हैं। इस मामले पर पूर्व विधायक किशोर समरिते ने कड़ी आपत्ति जताई है। उन्होंने घोटी-नंदोरा में हुए सामाजिक बहिष्कार को संवैधानिक अधिकारों का हनन बताते हुए केंद्रीय गृह मंत्रालय से मामले की जांच कराने, दोनों गांवों में पुलिस फ्लैग मार्च कराने और पूरे घटनाक्रम की न्यायिक जांच की मांग की है। समरिते ने आरोप लगाया कि गांव के सरपंच, सचिव, जनपद और जिला पंचायत सदस्य भी इस बहिष्कार का समर्थन कर रहे हैं तथा मंदिरों और चौराहों पर धार्मिक झंडे लगाकर हेट स्पीच दी जा रही है। उन्होंने यह भी कहा कि पुलिस और खुफिया एजेंसियां इतनी गंभीर घटना के बावजूद मौन हैं।

### घटना को लेकर थाना लांजी क्षेत्र में हुई शांति समिति की बैठक

## आपसी सौहार्द, भाईचारा एवं सामाजिक समरसता बनाए रखने पर हुई सहमति



थाना लांजी अंतर्गत ग्राम घोटी में दिनांक 27 जनवरी 2026 को शाम लगभग 7:30 बजे एक सामाजिक कार्यक्रम के दौरान दो पक्षों के बीच आपसी मतभेद उत्पन्न होने की सूचना प्राप्त हुई। सूचना मिलते ही थाना लांजी पुलिस द्वारा तत्काल मौके पर पहुंचकर स्थिति को नियंत्रित किया गया तथा शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने हेतु आवश्यक कदम उठाए गए।घटना की संवेदनशीलता को दृष्टिगत रखते हुए थाना लांजी द्वारा तत्परता से शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक का आयोजन अनुविभागीय पुलिस अधिकारी लांजी श्री ओमप्रकाश (भा.पु.से.) एवं एसडीएम लांजी श्री कमल सिंह सिंहसार तथा तहसीलदार लांजी श्री संजय बारस्कर के मार्गदर्शन में किया गया। बैठक में दोनों समुदायों के गणमान्य नागरिक, जनप्रतिनिधि एवं सामाजिक व्यक्तियों ने सहभागिता की।बैठक में उपस्थित सभी सदस्यों द्वारा आपसी सौहार्द, भाईचारा एवं सामाजिक समरसता बनाए रखने पर सहमति व्यक्त की गई। दोनों पक्षों के बीच संवाद स्थापित कर स्थिति को शांतिपूर्ण ढंग से सुलझाया गया तथा भविष्य में किसी भी प्रकार की अफवाह अथवा तनाव की स्थिति से बचने हेतु सभी से सहयोग की अपील की गई। पुलिस एवं प्रशासन द्वारा क्षेत्र में निरंतर समन्वय बनाए रखा गया है। वर्तमान में क्षेत्र में शांति एवं कानून व्यवस्था पूर्णतः सामान्य है तथा पुलिस द्वारा सतत निगरानी रखी जा रही है। बालाघाट पुलिस ने नागरिकों से अपील की है कि वे शांति बनाए रखें, अफवाहों पर ध्यान न दें तथा किसी भी समस्या की सूचना तत्काल पुलिस को दें।



### इनका कहना हैं

यदि प्रशासन ने निष्पक्ष और सख्त कार्रवाई नहीं की तो यह कानून-व्यवस्था और सामाजिक सौहार्द्र के लिए गंभीर खतरा बन सकता है।

**किशोर समरिते, पूर्व विधायक**

## लापता बुजुर्ग का शव बरामद, हत्या आशंका

**हरिभूमि न्यूज बालाघाट। बालाघाट जिले के परसवाड़ा थाना क्षेत्र में पिछले 5 दिनों से लापता 60 वर्षीय कैलाश गिरी गोस्वामी का शव बुधवार को कुमनगांव और अरंडिया के बीच संदिग्ध हालत में मिला है। शव अर्धनग्न अवस्था में था, जिसे सबसे पहले एक चरवाहे ने देखा और पुलिस को सूचना दी।**



मृतक कैलाश गिरी, वारासिवनी के नेवरगांव के रहने वाले थे। वे 28 जनवरी को अपनी बेटी के घर डुंगरिया आए थे और 30 जनवरी को वहां से वापस जाने के लिए निकले थे, लेकिन घर नहीं पहुंचे। परिजन ने 2 फरवरी को उनकी गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। बुधवार को जब उनका शव मिला, तो शरीर पर पॉलीथिन बंधी हुई थी और चेहरा और हाथ काले पड़ चुके थे। शव की हालत को देखते हुए मौत की वजह को लेकर रहस्य बना हुआ है। आशंका जताई जा रही है कि यह किसी वन्यजीव का शिकार हो सकते हैं या फिर उनकी हत्या की गई है। मामले की गंभीरता को देखते हुए बालाघाट से फिंगरप्रिंट एक्सपर्ट और बीडीडीएस की टीम ने मौके पर पहुंचकर तकनीकी साक्ष्य जुटाए हैं। परसवाड़ा थाना प्रभारी मदन इवने के अनुसार, शव को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेज दिया गया है। पुलिस ने मर्ग कायम कर लिया है और अधिकारियों का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के असली कारणों का पता चल सकेगा। फिलहाल पुलिस हर पहलू से मामले की जांच कर रही है।

### गश्ती के दौरान शराब पी रहे लोगों को लगाई फटकार, दुकानदारों को दी चेतावनी

## शराबखोरी को लेकर एक्शन मोड में कोतवाली टीआई

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

शहर में सुरक्षा व्यवस्था और जगह-जगह शराबखोरी की बढ़ती शिकायतों के मद्देनजर कोतवाली थाना प्रभारी कामेश धूमकेती ने मंगलवार रात पैदल गश्त की। उन्होंने बैहर रोड से बस स्टैंड तक का निरीक्षण किया, जहां उन्होंने शराब पी रहे लोगों को फटकार लगाई और ठेला दुकानदारों को सख्त चेतावनी दी।

थाना प्रभारी ने अंडा और अन्य खाद्य सामग्री बेचने वाले ठेला दुकानदारों को स्पष्ट निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि यदि किसी भी ठेले के पास या बैठाकर शराब पिलाई गई, तो न केवल संबंधित व्यक्ति पर कार्रवाई होगी, बल्कि उसके ठेले को भी हटा दिया जाएगा।

निरीक्षण के दौरान, कोतवाल कामेश धूमकेती ने बस स्टैंड पर गंदगी और वाहनों की धुलाई पर भी गहरी नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने दुकानदारों से शहर को स्वच्छ रखने में सहयोग करने और अपनी दुकानों के आसपास गंदगी न फैलाने की अपील की।

इसके अतिरिक्त, उन्होंने बस स्टैंड स्थित खंडेलवाल पेट्रोल पंप का भी दौरा किया। यहां उन्होंने निर्देश दिए कि बिना हेलमेट पहने किसी भी व्यक्ति को पेट्रोल न दिया जाए। ऐसा पाए जाने पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बिना हेलमेट वाहन चला रहे लोगों को यातायात नियमों का पालन करने की समझाइश भी दी।

कोतवाली थाना प्रभारी कामेश धूमकेती ने बताया कि यह पैदल गश्त आम आदमी की सुरक्षा सुनिश्चित करने और उन्हें सुरक्षित महसूस कराने के उद्देश्य से की जा रही है। उन्होंने कहा कि पुलिस का प्रयास है कि शहर में शराबखोरी और गंदगी जैसी समस्याओं को रोका जा सके, जिससे शहर स्वच्छ दिखे और नागरिक सुरक्षित महसूस करें।



### खनिज विभाग की सरंडी-खंडवा में छापामार कार्यवाही

## चंदन नदी से अवैध रेत उत्खनन में दो ट्रैक्टर-ट्राली जप्त

**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।** जिला प्रशासन के निर्देशानुसार अवैध खनिज उत्खनन एवं परिवहन पर सख्त कार्रवाई करते हुए खनिज विभाग के अमले ने 4 फरवरी 2026 को तहसील वारासिवनी अंतर्गत चंदन नदी क्षेत्र में छापामार कार्रवाई की। इस दौरान अवैध रूप से रेत उत्खनन एवं परिवहन कर रहे दो वाहनों को जप्त किया गया।

उप संचालक खनिज सुश्री फरहत जहां ने बताया कि ग्राम सरण्डी–खण्डवा के पास चंदन नदी क्षेत्र में अवैध रेत उत्खनन की शिकायत मिलने पर खनिज अमले द्वारा मौके पर पहुंचकर जांच की गई। जांच के दौरान दो ट्रैक्टर-ट्राली खनिज रेत का अवैध रूप से उत्खनन एवं परिवहन करते पाए गए। इनमें पहला वाहन बिना नंबर का ट्रैक्टर (इंजन नंबर DB3009/SAE10147) तथा दूसरा वाहन क्रमांक CG-25-E-7715 शामिल है। दोनों वाहनों को तत्काल जप्त कर पुलिस थाना वारासिवनी की अभिरक्षा में रखा गया है।

खनिज विभाग के अनुसार संबंधित वाहन चालकों एवं मालिकों द्वारा किया गया यह कृत्य मध्यप्रदेश खनिज (अवैध खनन, परिवहन तथा भण्डारण का निवारण) नियम 2022 के नियम-3 का स्पष्ट उल्लंघन है। इस उल्लंघन के आधार पर प्रकरण पंजीबद्ध कर लिया गया है तथा खनिज नियमों के अंतर्गत नियमानुसार वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।



## हायर सेकेण्डरी की 10 फरवरी एवं हाईस्कूल की 13 फरवरी से प्रारंभ होगी बोर्ड परीक्षा

**बालाघाट।** माध्यमिक शिक्षा मंडल मप्र भोपाल की कक्षा 10 हाई स्कूल एवं कक्षा 12 हायर सेकेण्डरी की बोर्ड परीक्षाओं का टाईम टेबल निर्धारित कर दिया गया है। हायर सेकेण्डरी कक्षा 12वीं की बोर्ड परीक्षा 10 फरवरी से प्रारंभ होगी जबकि हाईस्कूल कक्षा 10वीं की बोर्ड परीक्षा 13 फरवरी से प्रारंभ होगी। हायर सेकेण्डरी कक्षा 12वीं बोर्ड परीक्षा के टाईम टेबल के अनुसार 10 फरवरी को अंग्रेजी, 13 फरवरी को भौतिक शास्त्र, अर्थशास्त्र, एनीमल हस्बेण्ड्री, मिल्क ट्रेड, पोल्ट्रीफार्म एवं फिशरीज, विज्ञान के तथ्य एवं भारतीय कला का इतिहास विषय के प्रश्न पत्र होंगे। 14 फरवरी को बायोटेक्नॉलाजी, गायनवादन एवं दबला पखावज का प्रश्न पत्र होगा। 16 फरवरी को संस्कृत, 17 फरवरी को ड्राइंग एंड डिजाईन, 18 फरवरी को रसायन शास्त्र, इतिहास, व्यवसाय अध्ययन, एलिमेंट आफ साइंस एन मेथिमेटिक्स यूजफूल फॉर एग्रीकल्चर, ड्राइंग एंड पेंटिंग, गृह प्रबंध पोषण एवं वस्त्र विज्ञान, 19 फरवरी को मनोविज्ञान, 20 फरवरी को एनएसक्यूएफ के समस्त विषय, शारीरिक शिक्षा एवं एआई के प्रश्नपत्र होंगे। 21 फरवरी को कृषि, होमसाईंस, कला समूह एवं एकाउंटेंसी, 23 फरवरी को बायोलॉजी, 25 फरवरी को गणित, 26 फरवरी को राजनीतिशास्त्र, 27 फरवरी को इंफारमेटिक प्रेक्टिसेस, 02 मार्च को समाजशास्त्र, 05 मार्च को भूगोल, क्रॉप प्रोडक्शन एंड हार्टिकल्चर, स्टील लाईफ एंड डिजाईन, शरीर रचना क्रिया विज्ञान एवं स्वास्थ्य, 06 मार्च को उर्दू, मराठी एवं 07 मार्च को हिंदी का प्रश्न पत्र होगा।

## वन विभाग खैरलांजी ने बबूल की अवैध लकड़ी को परिवहन करते किया जप्त

हरिभूमि न्यूज खैरलांजी।



गौरव चौधरी मुख्य वन संरक्षक वन वृत बालाघाट एंव नित्यानदम एल. वन मंडल अधिकारी दक्षिण सामान्य वन मंडल बालाघाट के निर्देशानुसार 2 फरवरी रात्री में गस्त के दौरान किन्ही से खैरी मार्ग पर खैरी निवासी कमलेश दाजी बनोटे के द्वारा बबूल की लकडी ट्रेक्टर से बगैर परिवहन अनुज्ञा पत्र से अवैध परिवहन करते पाये जाने पर खैरलांजी वन विभाग के अधिकारी द्वारा अवैध लकड़ी को जप्त कर कार्रवाही की गई तथा वन अपराध दर्ज किया गया। यह जानकारी खैरलांजी वन विभाग के द्वारा प्रेस नोट जारी कर दि गई। बताया गया की जब्त किए गए वाहन में बबूल प्रजाति की 6 नग लटटा 2.893 घन मीटर काष्ठ एंव 01 जलाऊ चट्टा पाया गया। जिसकी अनुमानित कीमत 32059 रूपए कीमत बताया गया । इस दौरान उक्त कार्यवाई में वन परिक्षेत्र अधिकारी खैरलांजी डी.सी.वासनिक , युवराज बोरकर परिक्षेत्र सहायक खैरलांजी, विजय सिंग कुसरे परिक्षेत्र सहायक कटोरी, राकेश साहू वनपाल, चंद्रकुमार कडंव वनपाल, निलय किर्ती सुखदेवे वन रक्षक, पंकज भालाधरे वन रक्षक, लक्ष्मी शेखर चौहान, गणेश शरनागत, अशोक मेश्राम स्थाई कर्मी ,तेजराम अटराहे सुरक्षा श्रमिक का कार्यवाही करने में सहयोग रहा।

### प्रेसवार्ता में बोले नवागत आईजी नक्सलियों को दोबारा पनपने से रोकना होगा

## नक्सलवाद का खात्मा, लेकिन अब जिम्मेदारी ज्यादा

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।



बालाघाट के नवागत आईजी ललित शाक्यवार ने बुधवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस की। इस दौरान उन्होंने नक्सल मुक्त क्षेत्र की स्थिति बनाए रखने, सामुदायिक पुलिसिंग और पुलिस-जनता समन्वय जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर अपने विचार साझा किए। इस दौरान उन्होंने जनता की सेवा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई।

आईजी शाक्यवार ने कहा कि भले ही जोन नक्सल मुक्त हो गया है, लेकिन अब चुनौती अधिक है। उन्होंने मंडला, डिंडौरी और बालाघाट जैसे सीमावर्ती क्षेत्रों में नक्सलियों को दोबारा पनपने से रोकने के लिए सख्त निगरानी और जनता से संवाद बनाए रखने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि पुलिसिंग केवल दिमाग में नहीं, बल्कि जनता के बीच होनी चाहिए।

आईजी ने पुलिसकर्मियों को 'पुलिस जनता की है' के भाव से काम करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि जनता और पुलिस के बीच दोस्ताना संबंध होने चाहिए ताकि लोग बिना भय या संकोच अपनी बातें थाने में रख सकें। साथ ही, उन्होंने पुलिस को चौपाल लगाकर जनता से संवाद बनाए रखने और विश्वास जीतने की सलाह दी।

आईजी शाक्यवार ने प्रो-एक्टिव पुलिसिंग पर जोर देते हुए कहा कि पुलिसकर्मियों को जनता के साथ मित्रवत व्यवहार बनाए रखना चाहिए। उनका मानना है कि इससे न केवल अपराध नियंत्रण में मदद मिलेगी बल्कि पुलिस की छवि और जनता में भरोसा भी बढ़ेगा।

दरअसल, 2008 बैच के आईपीएस अधिकारी ललित शाक्यवार इससे पहले साल 2011 में बालाघाट में हॉक कमांडर के पद पर अपनी सेवाएं दे चुके हैं।